आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- नीति आयोग की बैठक के दौरान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ऑपरेशन सिंदूर पर सशस्त्र बलों के प्रति एकजुटता दिखाई।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से हाल ही में ई–वेस्ट मैनेजमेंट समिट का आयोजन किया गया।

- द्वीपससमूह के विभिन्न स्थानों पर वर्षा हो रही है।

<><><><><><><>

सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने आज नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर सशस्त्र बलों के लिए एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया। नई दिल्ली में आज शाम मीडिया को जानकारी देते हुए नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी वी आर सुब्रमण्यम ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति ने रक्षा बलों के शौर्य और उनकी भूमिका तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की है। श्री मोदी ने राज्यों को निर्यात पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने एक जिला एक उत्पाद की भी बात कही। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करने का आग्रह भी राज्यों से किया। श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि छत्तीस में से इक्कतीस राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों ने नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में भाग लिया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार भारत चौथी सबसे बड़ी और चार खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब

चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से ठोस अपशिष्ट उपनियम 2017 के अनुसार, ''उपयोगकर्ता शुल्क'' वसूलने का निर्णय लिया गया है। अब सफाई कर्मचारियों को कचरा पहुंचाने वाले घरों से पचास रुपये प्रति माह की दर से शुल्क का भुगतान करना होगा। उपयोगकर्ता शुल्क का संग्रह परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा घर–घर जाकर पी ओ एस मशीन के माध्यम से किया जाएगा। नागरिकों से नकद में भुगतान न करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से हाल ही में ई–वेस्ट मैनेजमेंट समिट का आयोजन किया गया। मेसर्स हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के ANPCC के सदस्य सचिव डॉ. जतिंदर सोहल ने अपने संबोधन में जिम्मेदार ई–वेस्ट मैनेजमेंट की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम के दौरान ई–वेस्ट बिन का आधिकारिक लॉन्च किया गया। हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग की कार्यकारी उपाध्यक्ष श्रेया खंडेलिया ने ई–कचरा प्रबंधन नियमों के महत्व और व्यावहारिक कार्यान्वयन के बारे में विस्तार से बताया। शिखर सम्मेलन में प्रशासन के विभिन्न विभागों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपससमूह के विभिन्न स्थानों पर वर्षा हो रही है। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि आज द्वीपसमूह के एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। कल द्वीपसमूह में एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा और हवा की गति प्रतिघण्टे 35–45 किमी रहेगी। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे समुद्र में न जाए।

<><><><><><><>

सामुदायिक चिकित्सा विभाग, अनिम्स और भारतीय जन स्वास्थ्य संघ की देखरेख में एक निवारक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ और ई एन टी विशेषज्ञ सहित प्रसिद्ध विशेषज्ञों की एक टीम शामिल थी, जिन्होंने व्यापक स्वास्थ्य जांच और निवारक देखभाल की सलाह दी। मधुमेह और उच्च रक्तचाप के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने के लिए निःशुल्क रक्त शर्करा और रक्तचाप की जांच की गई, साथ ही मौके पर ही आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। मरीजों को उन्नत देखभाल के लिए जी बी पंत अस्पताल भी भेजा गया। इस कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सागर  सी एच सी बम्बूफ्लैट और नसीमा बीबी, प्रधान, बम्बूफ्लैट सहित प्रमुख व्यक्तियों का योगदान रहा। यह पहल सामुदायिक चिकित्सा विभाग की सार्वजनिक स्वास्थ्य शिक्षा, प्रारंभिक निदान और सुलभ चिकित्सा देखभाल के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शिविर में विशेष चिकित्सा परामर्श, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के लिए निःशुल्क जांच और आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं।

<><><><><><><>

अतुल स्मृति समिति, बंगाली क्लब आज काज़ी नज़रूल इस्लाम के एक सौ पच्चीसवें जंयती के अवसर पर अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस उपलक्ष्य में क्लब की ओर से शाम छह बजे से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया हैं।

<><><><><><><>

सातवें राज्य स्तरीय अंडर–17 बॉयज़ फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन जे एन आर एम ग्राउंड और नेताजी स्टेडियम में रोमांचक मैच का प्रदर्शन देखने को मिला। नानकौड़ी की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए दोनों मैच जीते। सुबह के में नानकौड़ी ने डिगलीपुर को 4–0 और श्री विजयपुरम को 2–0 से हराया। लिटिल अंडमान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कैंपबेल–बे को 6–1 से हराया।

<><><><><><><>

एम वी सेंटीनल की कार–निकोबार यात्रा की तारीख में संशोधन किया गया हैं। अब यह जहाज लिटिल अण्डमान, कार–निकोबार, ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल–बे लिए उनतीस मई को सुबह सात बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और इक्कतीस मई को कैम्पबेल–बे से ननकौड़ी, कछाल, तेरेसा, चावरा, कार–निकोबार और लिटिल अडमान होते हुए श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। कार–निकोबार और लिटिल अंडमान से श्री

विजयपुरम तक वापसी यात्रा के लिए यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अपने संबंधित जेट्टी से पूरी जानकारी प्राप्त कर यात्रा का लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन की ओर से दूसरा स्वर्गीय टी मोहन राव मेमोरियल ओपन शतरंज टूर्नामेंट–2025 आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट 28 मई से 30 मई तक श्री विजयपुरम के आंध्रा एसोसिएशन हॉल में होगा। इस टूर्नामेंट के लिए सीटें सीमित हैं और पंजीकरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वीकार किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों से 27 मई शाम 5:00 बजे तक अपनी प्रविष्टियाँ जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>